॥ जैन भवन ॥

तित्थयर

वर्ष : २८ अंक : ७ अक्टूबर २००४



ज्ञान से पदार्थों को जाना जाता है,
दर्शन से श्रद्धा होती है,
चारित्र से कर्मास्रव की रोक होती है,
और तप से शुद्धि होती है।

Sethia Oil Industries Ltd.

Manufacturers of De-oiled Rice Bran, Mustard Deoiled Cakes, Neem deoiled Powder, Groundnut De-oiled Cakes, Mahua deoiled cakes etc. And Solvent Extracted Rice Bran Oil, Neem Oil, Mustard Oil etc.

Plant:
Post Box No.5
Lucknow Road
Sitapur-2261001 (U.P.)
Ph : 242017/42397/
42073 (05862)
Gram - Sethia- Sitapur
Fax : 242790 (05862)

Registered Office:
143, Cotton Street
Kolkata - 700 007
Ph : 2238-4329/
8471/5738
Gram - Sethia Meal

Executive Office:
2, India Exchange Place
Kolkata - 700 001
Ph : 22201001/9146/5055
Telex : 217149 SOIN IN
FAX : 22200248 (033)

तित्थयर

श्रमण संस्कृति मूलक मासिक पत्रिका

वर्ष - २८ अंक - ७, अक्टूबर, २००४

लेख, पुस्तक समीक्षा तथा पत्रिका से सम्बन्धित पत्र व्यवहार के लिये
पता - Editor : Titthayar, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Phone : 2268-2655, Website : www.info@jainbhawan.com
e-mail : info@jainbhawan.com

विज्ञापन तथा सदस्यता के लिये कृपया सम्पर्क करें —
Secretary, Jain Bhawan, P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007
Subscription for one year : Rs. 55.00, US$ 20.00,
for three years : Rs. 160.00, US$ 60.00,
Life Membership : India : Rs. 1000.00, Foreign : US$ 160.00

Published by Smt. Lata Bothra on behalf of Jain Bhawan from
P-25, Kalakar Street, Kolkata - 700 007, Phone : 2268-2655
and Printed by her at Arunima Printing Works, 81, Simla Street
Kolkata - 700 007 Phone : 2241-1006

संपादन
श्रीमती लता बोथरा

॥ जैन भवन ॥

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	लेख	लेखक	पृ. सं.
१.	क्षमा की शीतल धारा	मुनिश्री मिश्रीमल जी महाराज	३१७
२.	प्राकृत एवं अपभ्रंश जैनसाहित्य में कृष्ण	प्रो. सागरमल जैन	३२९
३.	संकलन	भूरचन्द जैन	३४५

मूल्य - ५.०० रूपये

कवरपृष्ठ : जैसलमेर के ज्ञान भंडार से प्राप्त श्री सरस्वती देवी का चित्र।

Composed by:
Jain Bhawan Computer Centre, P-25, Kalakar Street Kolkata - 700 007

क्षमा की शीतल धारा

मुनिश्री मिश्रीमल जी महाराज

क्षमा कायरता नहीं है :– बहुत से व्यक्ति ऐसा सोचते है कि क्षमा कायरों के अपने बचाव का साधन है। वे अपने से बलवान का मुकाबला नहीं कर सकते इसलिये क्षमा की बड़ाई करते हैं। एक बार किसी विदेशी पत्रकार ने गांधी जी से कहा–बलवान विदेशी सत्ता का मुकाबला करने की ताकत न होने पर आपकी अहिंसा क्षमा को आपने अपनी कायरता छिपाने का पर्दा बना रखा है। इसका उत्तर देते हुए गांधीजी ने कहा–सच्चा अहिंसक अपने प्राणों की आहुति देकर शत्रु का मुकाबला करेगा लेकिन कायरता वश पीठ न दिखायेगा। सच्चा अहिंसक अपने सात्विक बल द्वारा शत्रुओं को भी मित्र बना लेगा। यदि मुझे कायरता और हिंसा में से किसी एक के चुनाव का मौका मिले और कायरता चुनने के लिये अनेक प्रलोभन भी दिये जायँ तो प्राणरक्षा के लिये बजाय कायरता के हिंसा चुनने में नहीं झिझकूंगा। कायर व्यक्ति प्राणों का मूल्य नहीं समझ सकता है, वे जीते नहीं, किन्तु मर-मर कर जिया करते हैं। इसीलिये क्षमा को वीरों का भूषण कहा गया है–**क्षमा वीरस्य भूषणं।**

हिन्दी के महाकवि दिनकर ने कहा है–

क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो।
उसको क्या, जो दंतहीन विषरहित, विनीत सरल हो।

जिस सांप के दांत उखाड़ दिये गये हों यदि वह डंक न मारे तो इसमें कौन सी बड़ी बात है? लेकिन जो विषधर है, जिसके दाँतों में तीव्र गरल भरा है, यदि वह कुचल जाने पर भी चंडकौशिक नाग की तरह शांत रहता है तो यह उसकी सराहनीय क्षमा है। इसका मतलब है क्षमा निर्बलों का नहीं, वीरों का धर्म है। मैं सब कुछ करने में समर्थ होते हुए भी यदि किसी पर क्रोध नहीं करता, किसी का अनिष्ट नहीं करता और मन में भी राग-द्वेष की अग्नि नहीं भड़कने देता तो वह मेरी क्षमा है। अगर मैं निर्वीर्य हूँ, निस्तेज हूँ और कहूँ कि मैं क्षमा करता हूँ तो यह कैसी क्षमा।

अब आप कहेंगे कि क्षमा वीर पुरुष के लिये भूषण रूप कैसे है तो इस सम्बन्ध में भगवान महावीरकालीन एक घटना की ओर आपका ध्यान आकर्षित करता हूँ।

उज्जयनी नरेश चंडप्रद्योत और सिन्धु सौवीर नरेश उदायन दोनों को चेटक राजा की पुत्रियां ब्याही थीं। दोनों प्रतापी और वीर थे। लेकिन चंडप्रद्योग लंपट और कामुक था। उसने उदायन की एक सुन्दर दासी का अपहरण कर लिया। दासी को वापस करने के लिये उदायन ने अनेक बार संदेश भी भिजवाया किन्तु चंड प्रद्योत ने उसे वापस नहीं लौटाया। अन्त में अन्य कोई उपाय न रहने पर उदायन ने चंडप्रद्योत पर आक्रमण कर दिया और उसे बंदी बना लिया। बंदी बनाकर जब वह अपने देश को लौटते समय दसपुर नगर के निकट आया तो चातुर्मास लग जाने से वहीं डेरे डाल दिये। संवत्सरी पर्व का अवसर आया तो राजा उदायन ने समस्त जीवों से क्षमायाचना करते हुए अपने बंदी चंड प्रद्योत से भी क्षमायाचना की।

इस पर चंडप्रद्योग ने कहा कि यह कैसी क्षमायाचना? मैं आपका बंदी हूँ, मेरा राज्य भी छीन लिया और उसके बाद भी क्षमा का यह ढोंग करते हो?

राजा उदायन सात्विक प्रकृति वाला था। चंडप्रद्योत का उक्त कथन उसके हृदय को छू गया। उसे चंडप्रद्योग के कथन में एक वास्तविकता प्रतीत हुई और संवत्सरी के वास्तविक रूप को साकार करने के लिये तत्काल ही उदायन ने उसे छोड़ दिया और ससम्मान उसका राज्य लौटा दिया।

उक्त घटना आज भी इतिहास में अमर है और यह बता रही है कि वीर पुरुष निर्भय होकर दुर्दान्त शत्रु के दोषों को क्षमा करके मित्र के समान आचरण करते हैं। दुष्ट को क्षमा करते समय वीर पुरुष यह भी विचार नहीं करते कि भविष्य में मौका मिलने पर मुझे मार डालेगा, मेरे परिवार, देश को भी हानि पहुँचा देगा।

उदायन की इस क्षमावीरता का उदाहरण हमें यह बताता है कि सच्चा वीर शत्रु को जीतने वाला नहीं, किन्तु शत्रु के भी अपराधों को क्षमा करने वाला है। योद्धा सिर्फ शत्रु के शरीर को जीतता है, क्षमा वीर उसके मन को जीतता है।

इसलिये क्षमा की महानता की महिमा गाते हुए महर्षियों ने कहा है-

जहिं आकोस वयणमासहिंज्जइ
जहिं पर दोषण जणमासिज्जइ।
जहिं चेयण गुण चित्तधरिज्जइ
तहिं उत्तमखम जिणे कहिज्जइ।।

– जहाँ पर आक्रोश युक्त दुर्वचनों को (दुष्ट पुरुष को दण्ड देने की सामर्थ्य होते हुए भी) सहन किया जाता है, दूसरे के दोषों को नहीं कहा जाता है, दोषों का विचार भी मन में नहीं लाया जाता है, किन्तु चेतन आत्मगुणों को हृदय में धारण किया जाता है, उनके चिन्तन मनन में लीन रहा जाता है, वही उत्तम क्षमा है, ऐसा जिनेन्द्र भगवान ने कहा है।

आत्मनिरीक्षण का अवसर : क्षमा

अभी तक मैंने क्रोध विजय के रूप में क्षमा का कथन किया है कि क्रोध के आने पर उस पर ध्यान न दो, सहनशील बनो। लेकिन इतना मात्र ही क्षमा का वास्तविक स्वरूप नहीं है। साधारण से साधारण व्यक्ति भी यथाशक्ति अपनी स्थिति, द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव को देखकर क्रोध को जीतने का उपाय करते हैं, और कर सकते हैं। बहुत से व्यक्ति अपनी प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिये दुष्ट पुरुष से गाली-गलौज आदि देने पर मन में क्रोध आने पर भी ऊपरी तौर पर क्षमा का रूप बनाये रखते हैं, उस पर भी मित्र जैसा भाव दिखाते हैं। किन्तु यह वास्तविक क्षमा नहीं है, उसने अपनी इज्जत रखने लिये मौन रखा है। और हो सकता है कि मौका मिलने पर उसे हानि पहुँचाने से भी नहीं चूकें।

लेकिन क्षमा का सच्चा आराधक तो आत्म-दोषों के निरीक्षण में तत्पर रहता है। दूसरे के द्वारा होने वाले अपमान के कारणों को अपने जीवन की प्रवृत्तियों में देखता है और सोचता है कि—

जे करम पूरब किये खोटे सहै क्यों नहीं जीयरा।

मैंने पूर्व जन्म में दुष्कर्म किये हैं, उन्हीं का तो यह फल मिल रहा है। इनके लिये दुख क्यों करूं। किये हुए कर्मों को शान्ति से भोग लूँ जिससे भविष्य में दुष्कर्मों का फल न भोगना पड़े। वह जानता है—

निजार्जितं कर्म विहाय देहिनो
न कोऽपि कस्यापि ददाति किन्चन।

— अर्थात् अपने पूर्वपार्जित कर्म को छोड़कर कोई भी किसी को दुख-सुख आदि कुछ भी नहीं दे सकता है। अतः मेरी ही भूल मुझे दुख दे रही है। यह कष्ट देने वाला दूसरा तो निमित्त मात्र है। मुझे तो इन फलों को भोगते हुए भी अपनी आत्मा को सिद्ध-बुद्ध मुक्त बनाना है। ऐसा साधक के मन में तो यही विचार रमता रहता है कि—

कडाण कम्माण न मोक्ख अत्थि।

—उत्तराध्यन, ४।३

—उपार्जित कर्मो का फल भोगे बिना मुक्ति नहीं है। जब फल भोगे बिना मुक्ति नहीं तो फिर राग-द्वेष करने में लाभ क्या है? राग-द्वेष करने से तो और अधिक कर्म बंधेगे।

क्षमा की कसौटी : सहनशीलता

क्षमा की परीक्षा निम्न अवसरों पर होती है। जो बार-बार अपमानित किये जाने पर भी आत्म-निरीक्षण में तत्पर रहता है, वही क्षमावीर है। उसे दूसरो के व्यवहार पर दुख न होकर अपनी कमजोरी पर खेद होता है और पुनः गलती न करने का ध्यान रखता है, लेकिन पूर्वजन्म में किये कर्मों के उदय से गलती होती रहती है। इन अवसरों पर वे तो यही चिन्तन करते हैं-

अचेतनमिदं दृश्यमदृश्यं चेतन ततः ।
क्व रुष्यामि क्व तुष्यामि मध्यस्थोहं भवाम्यतः ।।

जो पदार्थ दृश्य हैं वे अचेतन हैं, और जो चेतन आत्मा है, वह अदृश्य है। अतः किस पर रोष करूँ? किस पर प्रेम करूँ? मुझे तो मध्यस्थभाव में रमण करना ही उचित है। इस प्रकार का विचार करने वाले किसी न किसी दिन समस्त कर्मों का क्षय करके केवलज्ञानी बन जाते हैं।

इस सम्बन्ध में शास्त्रों में अनेक उदाहरण मौजूद हैं। जिनमें अल्पबुद्धि समझे जाने वाले भी अपनी आत्मा का कल्याण कर सके हैं। इनमें से मास-तुष मुनि का दृष्टान्त क्षमावीर की सहनशीलता पर प्रकाश डालता है।

किसी अल्पबुद्धि वाले व्यक्ति ने भद्र परिणामों से श्रमण धर्म अंगीकार किया। वह संयम-साधना में लीन रहता। लेकिन ज्ञानावरण कर्म के तीव्र उदय से उसे कुछ भी शास्त्रज्ञान नहीं हो पाया। इस पर साथी मुनि हंसी में पंडित जी महाराज कह कर उसे बुलाते। वह बेचारा अपनी स्थिति को समझकर साथी मुनियों की हंसी को सहता रहता, कुछ भी नहीं बोलता।

इधर गुरुजी ने भी उसकी यह दशा देखकर, शास्त्रों का अध्ययन न करके सिर्फ एक वाक्य याद करने के लिये दिया—मां रूष, मा तुष (न रोषकर, न खुश हो) लेकिन यह वाक्य भी यह याद न कर सका और माष-तुष शब्द याद कर लिया। अब साथी मुनि पंडित जी महाराज के बदले हंसी में उसे माषतुष मुनि कहकर पुकारने लगे। लेकिन यह मासतुष मुनि साथी मुनियों की मजाक को सहन करते हुए गुरुजी की शिक्षा को माषतुष शब्द में रटता रहा। वह अपने पूर्वोपार्जित ज्ञानावरण कर्म का चिन्तन करता रहता । उसे उन साथी मुनियों के वचनों पर जरा भी रोष नहीं आता। अन्त में क्षमा व शांति की गंगा में नहाते-नहाते उसके आत्म-परिणामों में इतनी विशुद्धता बढ़ गई कि त्रिकाल और त्रिलोकवर्ती समस्त पदार्थों को जानने वाले केवलज्ञान को प्राप्त कर लिया। साथी मुनियों द्वारा उपहास का पात्र माना जाने वाला एक सामान्य मुनि भी त्रैलोक्य पूज्यपद का अधिकारी बन गया।

तो यह उदाहरण है क्षमावीर की सच्ची सहनशीलता का। इसी प्रकार का एक और उदाहरण कुरगडुक मुनि का शास्त्रों में मिलता है। जिसमें बताया है कि क्षुधावेदनीय कर्म के तीव्र उदय होने से वे संवत्सरी का भी उपवास नहीं कर सके और जब गोचरी लेकर गुरुजी के पास पहुंचे तो उनकी गोचरी में गुरुजी ने दुत्कारते हुए थूक दिया। लेकिन कूरगडुक मुनि इस थूकने को अमृत मानकर अपने कार्य के लिये पश्चात्ताप करने लगे कि मेरे कारण ही गुरुजी को रोष आया है। मैं ऐसा भाग्यहीन हूँ कि आज संवत्सरी का भी उपवास न कर सका। थूली में गुरुजी के थूकने पर भी उनके मन में किंचिन्मात्र रोष नहीं आया लेकिन अपनी ही आत्मा की दुर्बलता पर विचार कर आत्मालोचन में ही लीन रहे। आत्मालोचन करते-करते परिणामों की इतनी विशुद्धता बढ़ी कि तत्काल केवलज्ञान उत्पन्न हो गया। मुनिवृन्द के देखते-देखते ही देवगण केवलज्ञानी कूरगडुक मुनि की वंदना करने आने लगे।

यह चमत्कार कैसे हुआ? कुछ समय पहले ही गुरु जी द्वारा दुत्कारा जाने वाला साधारण सा मुनि विश्व वंदनीय कैसे बन गया? इसका कारण अन्यत्र खोजने की जरूरत नहीं है। स्वयं कूरगडुक मुनि की सहनशीलता है, जिसके फलस्वरूप आत्म-परिणामों में शान्ति धारण किये रहने से सामान्य मुनि असाधारण केवलज्ञान प्राप्त कर सके।

लेकिन यही कूरगडुक केवलज्ञानी अपने सामान्य मुनि जीवन में गुरुजी के प्रति रोष करते, गुरुजी को भली बुरी कह देते तो कठोर कर्मबंध करके इस संसार में भटक सकते थे। इसीलिये कहा गया है—

उत्तम खम तिल्लोयहसारी उत्तम खम जम्मोवहि तारी ।।

—उत्तम शिक्षा तीन लोक में सारभूत है, संसार सागर से पार उतारने वाली है।

क्षमा का पालनकर्ता :—

क्षमा का पालन प्रत्येक सचेतन के लिये हितकारी है। लेकिन मनुष्य जो सब जीवों में सबसे बुद्धिमान और बलशाली होने से क्षमाधर्म की साधना कर सकने में समर्थ है, उसे तो सर्वप्रथम यह साधना करनी चाहिये। मनुष्य जीवन से सिद्धि भी प्राप्त की जा सकती है और अनन्त संसार भी । अतः ऐसे महामूल्यवान जीवन के द्वारा यदि सिद्धि के मार्ग पर चला जाये तो एक व्यक्ति को ही नहीं अनेक व्यक्तियों को लाभ मिल सकता है।

मानव जीवन साधना का पथ है। साधना के पथ पर जो सर्वात्मना अग्रसर हैं वे साधु, और क्रम-क्रम से अग्रसर होने वाले व्यक्ति श्रावक कहलाते हैं। साधु तो अहर्निश आत्मसाधना में रत रहते हुए अपने में विद्यमान क्रोध, मान, माया, लोभ, ईर्ष्या आदि वैभाविक विकारों का शमन करने को तत्पर रहते हैं। इसके लिये इन्द्रियजय करते हैं, जीव मात्र पर आत्मवत् दृष्टि रखते हैं, तप द्वारा पूर्वबद्ध कर्मों को क्षय करने के लिये अग्रसर होते हैं। और संसार के जीवों की कल्याणकामना उनके मन में रहती है—

शिवमस्तु सर्व जगतः परहितनिरता भवंतु भूतगणा :।
दोषाः प्रयान्तु नाशं सर्वत्र सुखी भवतु लोकः ।।

—समस्त जगत का कल्याण हो, सब प्राणी परोपकार में लग जायँ, सब दोषों का नाश हो एवं सर्वत्र सुख का प्रसार हो। इसीलिये वे किसी से राग-द्वेष नहीं करते और न इष्ट वस्तु प्राप्ति में सुख और अनिष्ट वस्तु का संयोग होने पर दुख का अनुभव करते हैं। वे तो समग्र विश्व को समभाव से देखते हुए न तो किसी का प्रिय करते हैं और न किसी का अप्रिय! किन्तु भेदबुद्धि से परे रहकर मध्यस्थ भाव पूर्वक संयमसाधना में रत रहते हैं।

ऐसे साधक ही क्षमा धर्म के सच्चे पालक हैं। साधु रूपी महान उत्तम पुरुषों द्वारा क्षमा का यथार्थ रूप में पालन होने में मणि-कांचन जैसा सुयोग

बन जाता है। फिर भी कोई अपने को साधु कहता हो, साधु पद की सभी क्रियाएँ करता हो, तपस्या द्वारा शरीर को भी कृश कर दिया हो लेकिन क्रोध का उग्र अंश मन में विद्यमान हो तो वह साधुपद के योग्य नहीं रहता है। वह साधुता का पात्र नहीं है और जीवन भर की साधना समाप्त हुई जैसी हो जाती है। उसकी साधुता तो कवि ज्ञानचंद जी के शब्दों में—

केवल एक क्षमा बिन ही तप संयम शील अकारथ जानो,
पाक सुपाक बन्यो सुथरो जिय लून विहीन अनाज को खानो।

साधुता की सब क्रियाएँ हैं, तप-संयम की आराधना भी की जा रही है, लेकिन क्षमा गुम नहीं है तो उसकी साधुता नमक बिना के अच्छे सुन्दर बने भोजन के समान है। ऐसे साधुओं को तो **निर्गन्धा इव किंशुकाः** की उपमा दी जा सकती है। जब तक क्रोध का वास है तब तक सच्ची साधुता नहीं आ सकती है। क्षणमात्र का क्रोध उसकी जीवन भर की साधना को मिट्टी में मिला देता है और भयंकर अनर्थ कर बैठता है। इसे एक उदाहरण द्वारा समझाते हैं—

एक विनीत शिष्य ने आत्म-साधना के लिये तपस्या करने की आज्ञा माँगी। गुरुजी ने शिष्य की शुभ भावना का विचार कर—**कृशं कुरु** दुर्बल बनाओ (पतली पाड़) की शिक्षा देते हुए आज्ञा दे दी। शिष्य ने प्रसन्न मन से मासखमण की तपस्या प्रारम्भ कर दी। जैसे ही पारणा का दिन आया तो वह पुनः गुरुजी के समीप आज्ञा के लिये आया। गुरुजी ने उसकी परीक्षा करने के लिये पुनः निर्बल बनाने की आज्ञा दे दी। शिष्य पुनः तपस्या में लीन हो गया। इसी प्रकार तीसरा महीना भी तपस्या करते बीत गया तो शिष्य पारणा के लिये उपस्थित हुआ, लेकिन गुरुजी ने फिर वही कहा—निर्बल कर! परली पाड़! शिष्य ने गुरुजी के भावों को तो समझा नहीं और क्रोध में आकर अपने अति कृश शरीर को दिखाते हुए बोला—अब न तो शरीर पर मांस रहा है और न रक्त की बूँद! और आप बार बार कहते जा रहे हैं—निर्बल बनाओ! पतली पाड़ो! और किनती पतली करूँ।

गुरुजी शांत थे, उन्होंने शिष्य को शिक्षा देते हुए कहा—आयुष्मान्! तपस्या शरीर को निर्बल बनाने के लिये नहीं की जाती है, लेकिन काम, क्रोध, मद, लोभ रूपी विकारों को कमजोर करने के लिए की जाती है। इतने दिन तपस्या करने से तुम शरीर को सुखा चुके हो, शरीर तुम्हारा पतला हो गया

है लेकिन कषायों में तो पहले से ज्यादा तेजी आ गई है। शरीर को पतला बनाने के बजाय कषायों को पतला बना पाते तो यह मानवजन्म सफल हो जाता । मैंने कषायों को पतली करने के लिये ही कहा है।

गुरुजी का उपदेश सुनते ही शिष्य की आँखें खुल गईं। गुरुजी की आज्ञा का सही मतलब जब समझ सका तो पश्चात्ताप करते हुए कषायविजय के लिए संयम साधना में रत हो गया।

तो बंधुओ, तपस्या कषायों को जीतने के लिये की जानी चाहिये। यदि तपस्या से शरीर के सूखने पर भी कषाय निर्बल नहीं हुई तो सब जप, तप, संयम अज्ञानियों के कार्य जैसा है। इसीलिए कषायों पर विजय प्राप्त करने के लिए और उसमें भी सर्वप्रथम क्रोध को जीतना, शांत करना श्रमण धर्म का लक्षण कहा है—

उवसम सार खु सामण्णं ।।

—बृहत्कल्प० १ । ३५

इस प्रकार मुनि जन कषायोद्रेक के प्रबल कारण मिलने पर भी रंचमात्र भी क्रोधादि भाव न लाकर उत्तम क्षमा को धारण करते हैं। ये क्षमा के उत्तम पालक सभी के वंदनीय हैं।

क्षमा के पालन करने वालों में दूसरा दर्जा है श्रावकों का। श्रावकों का दूसरा दर्जा इसलिए माना जाता है कि वे श्रमणधर्म का साक्षात् रूप से पालन न करते हुए भी उस मार्ग पर क्रम-क्रम से बढ़ने की भावना रखते हुए अपने जीवन को साधते हैं। वे संयम-साधना का एक देश से पालन करते हुए लोक व्यवहार चलाने से कारण मिलने पर कुपित भी हो सकते हैं। देश-समाज की सुरक्षा के लिये विरोधी हिंसा में प्रवृत्ति भी करनी पड़ती है। लेकिन विरोधी का मुकाबला करते हुए भी शत्रु के प्रति किसी प्रकार का वैर-विरोध नहीं होता है। इन कारणों से श्रावक को क्षमा का दूसरे दर्जे का पालक माना जाता है।

इतिहास श्रावकव्रतधारी वीर पुरुषों के उदाहरणों से भरा पड़ा है जिन्होंने आततायी से देश की रक्षा, शरणागत की रक्षा के लिए शस्त्र उठाये, धर्म की रक्षा के लिए भी अपने प्राणों को होम दिया लेकिन रणभूमि में रह कर भी सामायिक करते हुए यही विचार किया कि—

खामेमि सव्वे जीवा सव्वे जीवा खमन्तु मे।
मित्ती मे सव्वभूएसु वेर मज्झ ण केणवि ।।

—मैं सब जीवों को क्षमा करता हूँ और सब जीव भी मुझे क्षमा करें। मेरी सभी के प्रति मैत्री भावना है, किसी के साथ मेरा वैर नहीं है, इतना ही नहीं, वह जीव मात्र से क्षमा मांगते हुए चिंतन करता है कि मैंने मन द्वारा जो कुछ भी दुश्चिन्तन किया हो, वचन द्वारा कटु वचन बोला हो अथवा शरीर द्वारा दुष्प्रवृष्टि की हो वे सब दुष्कृत मिथ्या होवें। मैं तो धर्म में स्थिर चित्त होकर समभाव पूर्वक सर्व जीवों से अपने अपराधों के लिए क्षमा मांगता हूँ।

क्षमा पालन की दृष्टि से श्रमण और श्रावक की मर्यादा को सुनने के बाद आप लोगों के मन में शंका हो सकती है कि न तो हम श्रमणधर्म का पालन कर रहे है और न श्रावकाचार के अनुरूप हमारी प्रवृत्ति है, हम तो एक साधारण जन हैं। हम लोग तो क्षमा का पालन कर ही नहीं सकते हैं। पग-पग पर क्रोध के मौके आते रहते हैं अतः इन क्रोध के मौकों को कैसे टालें? आप लोगों का ऐसा सोचना ठीक भी है। लेकिन जरा गहराई से सोचेंगे तो मालुम हो सकेगा कि क्षमा पोशाक नहीं है, कोट-कमीज या धोती नहीं है जिसे ऊपर से पहनना पड़। यह तो आपकी आत्मा का स्वभाव है, इंसानियत की पहचान है, दानव से मानव बनने का रास्ता है। क्षमा धर्म का पालन करने के लिये सिर्फ इतना सा ध्यान रखना है कि क्रोध का छोटा या बड़ा निमित्त मिलने पर भी शान्ति भंग न होने दें। क्रोध को इन ऊपर के दिखने वाले शत्रु की अपेक्षा वैरी मानने का विचार करना चाहिये। वैर से वैर की ही वृद्धि होती है और कुयोनियों में लेना पड़ता है।

इतना भी न हो सके तो आवेशवश तत्काल ही कार्य करने में न लगो। कैसा भी गुस्सा आया हो लेकिन प्रतिकार करने से पहले अपनी शक्ति, साधन आदि का विचार करो। बिना विचारे काम करने से कहीं ऐसा न हो कि—

बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताय ।
काम बिगारे आपनो जग में होत हसाय ।।

अब सोचना आपको है कि अपना काम बिगाड़ कर हंसी का पात्र बनना है या काम सुधार कर सम्मा का पात्र।

क्रोध की दवा :—

क्रोध शैतान है, क्रोध करना अच्छा नहीं है आदि समझते हुए भी बहुत से व्यक्ति कहते सुने जाते हैं कि कोशिश करने पर भी क्रोध रुकता

नहीं, गुस्सा आ ही जाता है। इसको रोकने का उपाय हो तो बताइये। तो गुस्से को रोकने के लिए एक उदाहरण बताता हूँ।

एक सेठ थे। बड़े मिलनसार, धार्मिक और सज्जन। उनकी पत्नी और पुत्र भी सेठ के स्वभाव जैसे थे। घर में सब प्रकार से सुख-शान्ति थी, नौकर-चाकर सदा प्रसन्न रहते थे। लड़के के जवान होने पर अच्छे खानदान की कन्या से विवाह कर दिया गया। बहू भी घर की इज्जत को समझने वाली थी, लेकिन उसमें एक दुर्गुण भी था कि बात-बात में क्रोधित हो जाती। नौकर-चाकरों से झगड़ पड़ती। इससे घर में अशान्ति रहने लगी। सभी दुखी रहने लगे। सेठ, सेठानी और उसके पति ने बहुत समझाने की कोशिश की। बहु को जितना समझाते, उसका पारा और बढ़ जाता। दिन रात क्रोध में डूबे रहने से उसे फिट आने लगे। इसलौते बेटे की बहू होने से दवातारू में भी कोई कसर नहीं रखी गई लेकिन फायदा कुछ भी नहीं हुआ।

अन्त में बहु को पीहर भेज दिया गया। पीहर वाले भी उसका इलाज कराते-कराते निराश हो गये, लेकिन कोई डाक्टर वैद्य रोग की जड़ को नहीं पकड़ सके।

किसी एक समय घूमते-घामते एक संत महात्मा सेठ के घर पधारे। सेठ ने अपनी रामकहानी सुनाई। महात्माजी ने सब हाल सुनकर रोगी को देखने की इच्छा बताई। महात्मा जी ने बहू को देखा, उसकी रामकहानी सुनी।

महात्माजी ने सब कुछ समझकर बहू को दिलासा देते हुए कहा-यह रोग तो मैं मिनटों में ठीक कर सकता हूँ। तुम्हारा रोग तो कुछ भी नहीं है, मैंने बड़े-बड़े रोगों का इलाज करके सैकड़ों व्यक्तियों को निरोग कर दिया है। कल सबेरे मेरे ठहरने के स्थान पर आ जाना।

दूसरे दिन बड़े सबेरे सेठ बहू को लेकर महात्मा जी के स्थान पर जा पहुँचा। महात्मा जी ने सेठ को आया देख अपनी झोली में से एक कागज की पुड़िया और शीशी निकाली। पुड़िया में कुछ भस्म जैसी थी और शीशी में रंगीन पानी। उसके सेवन की विधि बताते हुए महात्मा जी ने कहा कि जैसे ही दिमाग में कुछ गरमी आते दीखे, तत्काल थोड़ी-सी भस्म मुँह में डालकर शीशी की दवा पिला देना, और ध्यान रखना कि दवा गले के नीचे न उतर जाये, नहीं तो मौत भी हो सकती है, पागलपन और भी बढ़ सकता है।

मौत का डर दुनिया में सबसे बड़ा डर है। दवा लेकर सेठ घर आये। पहले दिन तो बहू ने दवा लेने में आनाकानी भी की लेकिन दो चार दिन बाद बराबर दवा को मुँह में भरे रहने से स्वयं बहू अपने आप में एक नया उत्साह देखने लगी। क्रोध आने पर भी मुँह भरा होने से किसी से कुछ कह नहीं पाती। क्रोध तो बोलने से बढ़ता है। मौन करते-करते करीब आठ दिन बीत गये। आठ दिन की दवा और दे दी। इसी प्रकार आठ-आठ दिन करके पूरा महीना गुजर गया।

महीना बीतने पर स्वयं सेठ और उसके घरवालों को महान आश्चर्य हुआ कि बात-बात पर क्रोध करने वाली बहू का स्वभाव बिलकुल बदल गया। चेहरे पर शान्ति झलकती है और घर में सुख शान्ति पुनः लौट आई है।

इस बात को महात्मा जी का प्रताप मानकर सेठ सपरिवार महात्मा जी की सेवा में उपस्थित हुआ और बार-बार कृतज्ञता प्रकट करते हुए सेवा का मौका देने की विनती की।

महात्मा जी ने अपनी दवा और बहू के रोग का रहस्य खोलते हुए कहा कि आपकी बहू को रोग कुछ भी नहीं था, सिर्फ क्रोध में आकर जैसा मुंह में आता वैसा बोल देती थी। इससे बात बढ़ जाती और घर में दिनरात लड़ाई-झगड़े का वातावरण बना रहता था। इसलिये इसका मुँह बन्द रखने के लिये साधारण से पानी को मुँह में भरे रहने की तरकीब निकाली कि पानी भरे रहने से मुँह खुल तो सकेगा नहीं, तब लड़ाई झगड़े की नौबत ही नहीं आयेगी। क्योंकि ऐसी महापुरुषों ने कहा है—

दीधां गाली एक है, फ्लटै होय अनेक।
जो गाली देवे नही, तो रहे एक की एक ।।

एक माह तक यही उपाय करने से अब रोग का मूल कारण हट गया। जब रोग का कारण ही नहीं तो रोग अपने आप ही जाता रहा। आपको भी शान्ति मिली और पुत्रवधू के स्वास्थ्य व स्वभाव में भी परिवर्तन हो गया।

तो, बंधुओ! उक्त उदाहरण द्वारा आप लोग भली भाँति समझ गये होंगे कि क्रोध नदी की बाढ़ के समान आता है और उसके आने से पहले उपाय कर लिया जाये या क्रोधी व्यक्ति के कहने सुनने के बदले में कुछ भी उत्तर न दिया जाये तो फिर वह किस पर क्रोध करेगा, जब जबाब ही नहीं मिलेगा तो कितनी देर तक अकेला क्रोध में भरा बैठा रहेगा? क्रोध मनुष्य का

स्वबाव नहीं है, इसलिये कोई भी व्यक्ति हमेशा क्रोध को जीतने की सर्वोत्तम आषधि मौन है। अगर आपको मौन के फायदे देखना हो तो प्रतिदिन कम से कम एक घड़ी या आधी घड़ी मौन रहकर अनुभव कीजिये। आप की परिणति में एक नया परिवर्तन आयेगा, एक नया उत्साह पैदा होगा और स्वभाव में भी फरक दिखेगा। क्रोध की स्थिति का वैज्ञानिकों ने परीक्षण करके निर्णय दिया है कि क्रोध करते समय खून में जहर प्रकट हो जाता है और उसकी मात्रा बढ़ने पर आदमी मर भी सकता है। मैंने सुना है कि ए म माता ने लड़ाई करते करते बच्चे को स्तनपान कराया कि थोड़ी देर बाद वह बच्चा मर गया।

इस क्रोध से बचने के लिये भगवान ने क्षमाधर्म का उपदेश दिया है और क्रोधी व्यक्ति की दशी बतलाते हुए कहा कि—

कुद्धो..... सच्चं सीलं विणयं हणेज्ज।

—प्रश्नव्याकरण सूत्र संवरद्वार

क्रोध में अन्धा व्यक्ति सत्य, शील और विनय का नाश कर डालता है।

अतएव हमें अपना मनुष्य जीवन सफल करना है और इस अस्थिर जीवन को अमृतमय बनाना है तो कम से कम दिन के चौबीस घण्टों में एक दो घण्टे क्रोध न करने, मौन रखने और क्षमा धर्म के चिंतन मनन में लगाने का संकल्प करना चाहिये। मानव जन्म अनेक तपस्याओं का फल है और यह जीवन भी कषायों में बिता दिया तो फिर आत्मोद्धार होना असंभव माना जायेगा। प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन के एक-एक पर का सदुपयोग करना चाहिये तभी मानव पर्याय का मिलना सार्थक माना जायेगा। अपनी आत्मा को निरन्तर ऊँचा उठा चाहिये तथा ऐसा प्रयत्न करते रहना चाहिए जिससे अनादिकाल से चली आ रही भव यात्रा का अन्त हो सके और जीवन आनन्द मय बन सके।

समाप्त

प्राकृत एवं अपभ्रंश जैनसाहित्य में कृष्ण

प्रो. सागरमल जैन

राम और कृष्ण ऐसे व्यक्तित्व हैं, जो युगो-युगो से भारतीय जन मानस के श्रृद्धा के केन्द्र रहे है। इन दोनों व्यक्तियों के जीवन चरित्रों ने भारतीय धर्म, सभ्यता और संस्कृति को बहुत अधिक आन्दोलित और प्रभावित किया है। वैष्णवधर्म के उद्‌भव एवं भक्तिमार्ग के विकास के साथ ये दोनों व्यक्तित्व अधिकाधिक जनश्रद्धा के केन्द्र बनते चले गए। इनके जीवन वृत्तों पर रचित रामायण, महाभारत और भागवत भारतीय परम्परा के ऐसे ग्रन्थ है, जो सभी भारतीय लोक भाषाओं में अनुदित है और भारतीय जनसाधारण के द्वारा अत्यधिक श्रद्धा और भक्ति के साथ पढ़े व सुने जाते है। साहित्यिक रूझान की दृष्टि से राम के चरित्र की अपेक्षा भी कृष्ण का चरित्र पूर्व मध्य काल में अधिक प्रभावी रहा है। राम के चरित्र को अधिकाधिक लोक व्यापी बनाने का श्रेय गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस को है। राम सदाचार-सम्पन्न, सन्मार्ग-संरक्षक एक वीर पुरूष हैः जबकि कृष्ण एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी है। वे एक नटखट बालक, रसिक युवा, धर्म और समाज के संरक्षक वीर पुरुष, कुशल राजनेता तथा धर्म एवं अध्यात्म के उपदेष्टा प्रज्ञा-पुरुष सभी कुछ है। उनके जीवन के इस बहुआयामी स्वरूप ने उन्हें अधिक प्रभावी बना दिया है।

अर्धमागधी आगम साहित्य में कृष्ण :–

जहां तक जैन परम्परा का प्रश्न है, उसने राम और कृष्ण दोनों के कथानकों को अपने में आत्मसात करने का प्रयत्न किया है। यद्यपि जैन परम्परा में विमलसूरि के पउमचरियं (प्राकृत), जिनसेन के पद्‌मपुराण (संस्कृत), रविषेण के पद्मचरित (संस्कृत) एवं स्वयम्भू के पउमचरिउ (अपभ्रंश) के साथ-साथ राजस्थानी और हिन्दी में अनेक ग्रन्थ रामकथा पर मिलते है, किन्तु जैन आगम साहित्य में जितना विस्तृत विवरण कृष्ण कथा का मिलता है उतना रामकथा का नहीं। जैन आगमों में राम के नाम निर्देश

के अतिरिक्त उनके जीवनवृत्त का कोई उल्लेख नहीं मिलता है। जबकि कृष्ण के जीवन वृत्त के अनेक उल्लेख उनमें उपलब्ध है। जैन परम्परा में कृष्ण का जीवन चरित्र २२वें तीर्थंकर अरिष्टनेमि के जीवनचरित्र के साथ जुड़ा होने के कारण है, उसे राम की अपेक्षा भी आगम साहित्य में अधिक स्थान मिला है। आगम ग्रन्थों में समवायांग, उत्तराध्ययन, ज्ञाताधर्मकथा, अन्तकृत्दशा, प्रश्नव्याकरण आदि आगमों में कृष्ण संबंधी उल्लेख है। आगम साहित्य में कृष्ण के चरित्र को राम के चरित्र की अपेक्षा जो प्रमुख स्थान प्राप्त हुआ है, उसका कारण केवल यही नहीं है कि वे जैन परम्परा के २२वें तीर्थंकर अरिष्टनेमि के चचेरे भाई है, अपितु उनका वासुदेव (अर्द्धचक्री) होना भी है। जैन परम्परा में राम एवं कृष्ण दोनों की गणना शलाका पुरुषों में की गई है, किन्तु यहां राम को बलदेव के रूप में स्वीकृत किया है वहीं कृष्ण को वासुदेव के रूप में स्वीकृत किया गया है। बलदेव के अपेक्षा वासुदेव का पद निश्चय ही अधिक महत्वपूर्ण कहा जा सकता है, क्योंकि वासुदेव शासनसूत्र का स्वयं नियामक होता है। जबकि बलदेव मात्र उसका सहयोगी। साथ ही जैन परम्परा में कृष्ण को भविष्य में होने वाले १२वें तीर्थंकर के रूप में भी स्वीकार किया गया है और यह सत्य है कि जैन परम्परा में तीर्थंकर ही सर्वोच्च व्यक्तित्व है। इस आधार पर हम कह सकते है कि राम के अपेक्षा कृष्ण ने जैनों को अधिक प्रभावित किया है।

जहां तक कृष्ण के जीवन-वृत्त के संबंध में विस्तृत एवं स्वतंत्र ग्रन्थ का प्रश्न है संस्कृत एवं अपभ्रंश में हरिवंश पुराण के रूप में सर्वप्रथम ऐसे स्वतंत्र ग्रन्थ लिखे गये। किन्तु आगे चलकर रिट्ठनेमिचरिऊ, नेमिनाहचरिउ, पदुम्नचरिउ, कण्हचरित आदि अनेक ग्रन्थ लिखे गये हैं, जिनमें कृष्ण-कथा को प्रमुख स्थान मिला है।

जैन आगम साहित्य में प्राचीनतम स्तर के अर्थात् ईस्वी पूर्व के ग्रन्थों यथा आचारांग, ऋषिभाषित, सूत्रकृतांग, उत्तराध्ययन, दशवैकालिक में कृष्ण के जीवन-वृत्त का हमें कोई विवरण उपलब्ध नहीं होता है। ऋषिभासित में वारिषेण कृष्ण के उपदेशों का विवरण है, किन्तु उनका देवकी पुत्र कृष्ण से संबंध जोड़ पाना कठिन है। मात्र उत्तराध्ययन सूत्र के रथनेमि (रहनेमिज्ज) नामक अध्ययन में राजीमति और रथनेमि के कथा प्रसंग में शौरीपुर नगर के

वसुदेव नामक राजा की रोहिणी और देवकी नाम की रानियों के पुत्र के रूप में क्रमशः राम और केशव (कृष्ण) का उल्लेख है। इस कथा प्रसंग में केशव के द्वारा राजीमति का अरिष्टनेमि से विवाह निश्चित करने एवं अरिष्टनेमि के प्रव्रजित होने पर उन्हें शुभकामना प्रेषित करने एवं वंदन करने का भी उल्लेख है। संभवतः यही एक ऐसा साहित्यिक प्राचीनतम आधार है, जहां कृष्ण जैन परम्परा में सर्वप्रथम उल्लिखित होते है। यद्यपि द्वितीय स्तर के आगम ग्रन्थों में अर्थात् ईसा की प्रथम द्वितीय शताब्दी में निर्मित आगम ग्रन्थों में कृष्णकथा का धीरे-धीरे विस्तार होता गया है। इस ग्रन्थों में समवायांग पूर्वभाग के ५४वें समवाय में २४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ बलदेव एवं ९ वासुदेव ये ५४ उत्तम पुरुष होते है—मात्र यह उल्लेख है। यहां इनके नामों का भी उल्लेख नहीं है। किन्तु समवायाम के ही अंतिम भाग में बलदेवों एवं वासुदेवों के वर्तमान भव के नाम, पूर्व भव के नाम, निदानकारण और नगरों के नाम तथा उनके माता-पिता, पूर्व भव के धर्माचार्य और वर्तमान भव के प्रतिशत्रु (प्रतिवासुदेव) के नाम आदि का उल्लेख है। इसी प्रसंग में नवे वासुदेव के रूप में कृष्ण का नाम आता है। कृष्ण के पिता के रूप वसुदेव और माता के रूप में देवकी का उल्लेख यहां भी हमें प्राप्त होता है।

इसी प्रसंग में सामान्य रूप से वासुदेवों और बलदेवों की सम्पदा, शारीरिक शक्ति, व्यक्तिगत आदि का विस्तृत उल्लेख किया गया है। इस चर्चा में जो महत्वपूर्ण उल्लेख है वह यह कि बलदेव कटिसूत्र वाले नीले कौशेयक वस्त्र को और वासुदेव कटिसूत्र वाले पीतकौषेयक वस्त्र को धारण करते है। इसी प्रकार यहां यह भी बताया गया है कि बलदेव हल और मूसल रूपी अस्त्रों को धारण करते है और वासुदेव श्रृंग, धनुष, पांचजन्य शंख, सुदर्शन चक्र, कौमुदकी गदा, नन्दक खड्ग धारण करते है और उनका मुकुट कौस्तुभमणि से युक्त होता है। वैष्णव परम्परा में कृष्ण और बलदेव की वेश-भूषा एवं आयुध आदि की जो चर्चा है उससे इस विवरण की समानता है। यद्यपि हमें स्मरण रखना चाहिए कि ये सभी उल्लेख समवायांगसूत्र के अंतिम भाग में पाये जाते है जो उसके परिशिष्ट के रूप में है। इससे ऐसा लगता है कि इन्हें समवायांग के बाद में जोड़ा गया है। फिर भी वर्तमान समवयांग का जो कुछ स्वरूप हैं, वह ईसा की ५वीं शताब्दी में निश्चित हो

गया था। अतः ये सारे विवरण उनसे प्राचीन ही है, परवर्ती नहीं, फिर भी यह मानने में हमें आपत्ति नहीं होना चाहिए कि यह समग्र विवरण हिन्दू परम्परा से प्रभावित है।

कृष्ण के व्यक्तित्व के संबंध में आगम साहित्य में समवायांग के पश्चात् कृष्ण का जो प्राचीन उल्लेख हमें प्राप्त होता है, वह हमें ज्ञाताधर्मकथा में मिलता है। विद्वानों ने ज्ञाताधर्मकथा को लगभग ईसा की द्वितीय शताब्दी के आसपास की रचना माना है। ज्ञाताधर्मकथा में कृष्ण संबंधी उल्लेख उसके शैलक एवं द्रौपदी नामक अध्ययनों में है। यद्यपि द्रौपदी नामक अध्याय का मुख्य प्रतिपाद्य विषय तो द्रौपदी के पूर्वभव एवं वर्तमानभव का चित्रण है, किन्तु प्रसंगवश इसमें कृष्ण संबंधी अनेक विवरण उपलब्ध है। विशेष उल्लेखनीय यह है कि यहां द्रौपदी के पाँच पति होने की कथा को स्वीकारते हुए भी उसके व्यक्तित्व की चारित्रिक गरिमा को बनाये रखने के लिए उसके पूर्वभव की कथा भी जोड़ी गई। कथा का सारांश यह है कि द्रौपदी पूर्वभव में अपनी गुरूणी की आज्ञा न मानकर वनखण्ड में स्थित हो उग्र तपस्या करती है और प्रसंगवशात् वह वहां एक वैश्या को पाँच प्रेमियों के साथ क्रीड़ा करते हुए देखती है। उस समय वह यह निश्चय कर बैठती है कि यदि मेरी तपस्या का फल हो तो मुझे भी भविष्य में पाँच पतियों के साथ ऐसी क्रीड़ा करने का सौभाग्य प्राप्त हो। इस निश्चय (निदान) का परिणाम यह होता है कि उसे अपने वर्तमान भव में पाँच पाण्डवों की पत्नि बनना पड़ता है। इस प्रकार यहां हिन्दू परम्परा में प्रचलित द्रौपदी की कथा को अधिक सुसंगत और तार्किक बनाने का प्रयत्न किया गया है, ताकि द्रौपदी के निर्मल चरित्र को बिना खरोंच पहुंचाये ही पांच पतियों वाली घटना को तर्कसंगत रूप में प्रस्तुत किया जा सके। इस प्रसंग में यह भी उल्लेखनीय है कि यहां द्रोपदी और पाँच पाण्डवों को जैन धर्म का अनुयायी बताया गया है। मात्र यही नहीं नारद को असंयमी परिव्राजक के रूप में चित्रित करके जैन धर्म की अनुगामिनी द्रौपदी द्वारा समुचित आदर न देने की घटना का भी उल्लेख है। इससे ऐसा लगता है कि ज्ञाताधर्मकथा के इस कथाप्रसंग की रचना के समय तक जैन संघ में धार्मिक कट्टरता का प्रवेश हो चुका था क्योंकि जहां जैन परम्परा के प्राचीन स्तर के आगम ग्रन्थ ऋषिभासित में देवनारद को अर्हत्ऋषि कहकर सम्मानित ढंग से

उल्लिखित किया गया है वहां इस कथा प्रसंग में नारद को असंयमी, अविरत और कलहप्रिय तथा पद्नाभ के साथ मिलकर द्रौपदी के अपहरण की योजना बनाने वाला कहा गया है। उल्लेखनीय यह भी है कि इन नारद को कडच्छुप नारद कहा गया है। यद्यपि यह विवादास्पद ही है ऋषिभासित के देवनारद और ज्ञाता के कडच्छुप नारद एक ही व्यक्ति है या अलग-अलग व्यक्ति है, यह कहना कठिन है।

द्रौपदी के इस कथा प्रसंग में प्रसंगवश पांचो पाण्डवों, कुन्ती और श्रीकृष्ण का उल्लेख भी है। कथा के अनुसार द्रौपदी का पद्मनाभ द्वारा अपहरण हो जाने पर पाण्डव चिन्तित होते हैं तथा द्रौपदी को खोजने में श्री कृष्ण को ही समर्थ मानकर अपनी माता कुन्ती को श्रीकृष्ण के पास भेजकर द्रौपदी की खोज के लिए उनसे निवेदन करते है। इसमें कुन्ती को कृष्ण की पितृभगिनी कहा गया है। कृष्ण कुन्ती को आश्वस्त करते है कि मैं द्रौपदी की खोज करूंगा। वे नारद से द्रौपदी के अपहरण की घटना की जानकारी प्राप्त करते हैं तथा पाण्डवों को यह संदेश देते है कि वे पूर्व दिशा में गंगा नदी और समुद्र के संगम स्थल पर ससैन्य तैयार होकर पहुंचें। कृष्ण स्वयं भी ससैन्य वहां पहुंचकर लवण समुद्र के मार्ग से पाण्डवों के साथ पद्मनाभ की राजधानी अमरकंका पहुँचते है। इसी प्रसंग में पद्मनाभ के पास दूत का भेजना, पद्मनाभ से युद्ध में पाण्डवों का पराजित होना, अन्त में श्री कृष्ण द्वारा पद्मनाभ को पराजित करना और द्रौपदी को वापस प्राप्त करने के उल्लेख है। इस कथा प्रसंग में श्री कृष्ण के पुरुषार्थ और पराक्रम की चर्चा के साथ-साथ यह भी उल्लेख हुआ है कि द्रौपदी सहित पांचो पाण्डव और श्रीकृष्ण जब वापस आते है तब पाण्डव नौका द्वारा पहले गंगा पार कर लेते है, किन्तु गंगा पार करने के लिए श्री कृष्ण को वापस नौका नहीं भेजते है। फलतः वे गंगा नदी को तैरकर पार करते है और पाण्डवों पर कुपित हो उन्हें देश निर्वासन की आज्ञा देते है। पाण्डव कुन्ती के पास पहुँचते हे और सारी घटना उसे सुनाते है। कुन्ती पुनः कृष्ण के पास पहुँचती है और श्री कृष्ण से अपने पुत्रों की देश निर्वासन की आज्ञा को वापस लेने की प्रार्थना करती है। श्रीकृष्ण कहते है कि वासुदेव के वचन मिथ्या नहीं होते हैं, अतः देश निर्वासन की आज्ञा वापस लेना संभव नहीं है। अंत में वे पाण्डवों को

दक्षिण दिशा में जाकर समुद्र के किनारे पाण्डु-पथुरा नामक नगर बसाकर वहां रहने का आदेश देते है। यद्यपि यहां कुछ भौगोलिक असंगतियां परिलक्षित होती है, प्रथम तो यह कि दक्षिण-मथुरा (मदुराई) दक्षिण से होकर भी समुद्र के किनारे नहीं है, दूसरे पूर्वीय समुद्र तट से लौटते हुए मार्ग में गंगा का पड़ना आवश्यक नहीं है।

प्रस्तुत कथाप्रसंग श्री कृष्ण का पाण्डवों का मित्र एक शूरवीर योद्धा तथा दक्षिणार्ध भरतक्षेत्र में स्वामी के रूप में चित्रित करता है। विशेषता यह है कि यहां पर श्रीकृष्ण और पाण्डवों के चरित्र के प्रसंग में महाभारत के युद्ध का कोई उल्लेख नहीं है। उसके स्थान पर अमरकंका में पद्मनाभ से हुए युद्ध का चित्रण है, समानता मात्र यह है कि दोनों ही युद्धों का कारण द्रौपदी है। ज़हां तक मेरी जानकारी है हिन्दू परम्परा में कृष्ण चरित्र के चर्चा प्रसंग में कहीं भी अमरकंका के पद्मनाभ के साथ उनके युद्ध का कोई उल्लेख नहीं है। मात्र यही नहीं कृष्ण का पाण्डवों परकुपित होना, उन्हें देश निर्वासन की आज्ञा देना आदि प्रसंग भी अन्यत्र कहीं दृष्टिगोचर नहीं होते है। इस आधार पर हम कह सकते है कि ज्ञाताधर्मकथा में कृष्ण के जीवन प्रसंग के उल्लेख महाभारत एवं श्रीमद्भागवत में कृष्ण के जीवन चरित्र के उल्लेखों से अनेक दृष्टि से भिन्न और प्राचीन है।

ज्ञाताधर्मकथा के ही पांचवे शैलक नामक अध्ययन में थावच्चापुत्र के दीक्षित होने के प्रसंग में श्री कृष्ण, उनकी राजधानी द्वारिका और उनके परिवार का उल्लेख उपलब्ध होता है। उसमें बताया गया है कि द्वारिका नगरी पूर्व–पश्चिम में १२ योजन लम्बी और उत्तर–दक्षिण में ९ योजन चौड़ी थी। यह कुबेर की मति से निर्मित हुई थी। इन्द्र की नगरी अलकापुरी के समान जान पड़ती थी। इस नगर के बाहर उत्तर पूर्व दिशा अर्थात् ईशानकोण में रैवतक (गिरनार) पर्वत था तथा रैवतक पर्वत और द्वारिका के बीच में नन्दनवन नामक उद्यान था। इस द्वारिका नगरी में कृष्ण नामक वासुदेव राजा राज्य करते थे। इस नगर में समुद्रविजय आदि दस दशा है, बलदेव, आदि पांच महावीर, उग्रसेन आदि सोलह हजार राजा, प्रद्युम्न आदि साढ़े तीन करोड़ कुमार, शाम्ब आदि साठ हजार दुर्दान्त योद्धा, वीरसेन आदि एक्कीस हजार पराक्रमी, महासेन आदि छप्पन हजार बलवान पुरुष, रुक्मणी

आदि बत्तीस हजार रानियां, अनंग सेना आदि अनेक गणिकाएं बहुत से ईश्वर (धनाढ्य सेठ), तलवर (कोतवाल), सार्थवाह आदि निवास करते थे। उन कृष्ण वासुदेव का उत्तर दिशा में वैताढ्य पर्वत पर्यन्त तथा तीनों दिशाओं में लवण समुद्र पर्यन्त शासन था। इस प्रकार प्रस्तुत अध्ययन मात्र कृष्ण के पारिवारिक एवं राजकीय वैभव का चित्र करता है। यद्यपि इस अध्ययन में दो अन्य प्रमुख घटनाएं कृष्ण के जीवन से संबंधित है– प्रथम तो यह कि कृष्ण को जब यह ज्ञात होता है कि अर्हत् अरिष्टनेमि द्वारिका के बाहर उद्यान में पधारे है तो वे अपने समस्त राज्य परिवार के साथ उनके दर्शनों को जाते है तथा उपदेश सुनते है। अरिष्टनेमि के उपदेश से थावच्चा नामक गाथापत्नि के पुत्र को वैराग्य उत्पन्न होता है। कृष्ण उसके वैराग्य की परीक्षा करते है तथा अत्यन्त वैभवशाली अभिनिष्क्रिमण महोत्सव का आयोजन करते है। वैसे इस अध्याय में श्री कृष्ण की राज्य सम्पदा तथा उदारवृत्ति का परिचय तो मिलता है किन्त उनके जीवन प्रसंगों का कोई उल्लख नहीं है।

जैन आगम साहित्य में एक अन्य ग्रन्थ प्रश्नव्याकरणसूत्र में भी कृष्ण के राज्य और परिवार का विस्तार से वर्णन किया गया है:– ज्ञाताधर्मकथा के शैलक अध्ययन में वर्णित कृष्ण के राज्य और परिवार के विवरण से प्रश्नव्याकरण के विवरण की तुलना करने पर हमें कुछ नवीन सूचनाएं प्राप्त होती है। इसमें कृष्ण की सोलह हजार रानियों का उल्लेख है। प्रश्नव्याकरण का यह विवरण ज्ञाताधर्मकथा के विवरण से इस अर्थ में विशेषता रखता है कि यहां कृष्ण के जीवन के संदर्भ में हिन्दू परम्परा में उल्लेखित अनेक घटनाओं का उल्लेख हुआ है। इसमें कृष्ण के द्वारा मुष्टिक और चाणूर नामक मल्लों का, रिष्ट नामक दुष्ट बैल का, कालिया नामक नाग का, यमुनार्जुन नामक राक्षस का, महाशकुनि और पूतना नामक दो विद्याधरियों का तथा कंस और जरासंघ नामक दो शक्ति सम्पन्न राजाओं का संहार करने का उल्लेख मिलता है। प्रश्नव्याकरण में कृष्ण का यह जीवन–वृत्त विस्तृत रूप में इस प्रकार उल्लेखित है–(प्रश्नव्याकरण पृष्ठ ३६६ से ३६८ से लेना है)

कृष्ण के जीवन प्रसंगों के संदर्भ में अधिक विस्तृत चर्चा करने वाले जैन आगम ग्रन्थों में अन्तकृत्दशा महत्वपूर्ण है। यहां स्मरणीय है कि

